## खबर संक्षेप

### अजीम प्रेमजी फाउंडेशन स्कॉलरशिप के लिए 30 तक ऑनलाइन आवेदन

**सीहोर।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहीं छात्राओं के लिए 30 हजार रुपये प्रतिवर्ष स्कॉलरशिप दी जाती है। योजना का उद्देश्य सामाजिक एवं आर्थक रूप से वंचित वर्ग की छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित एवं सतत बनाए रखने के उददेश्य से प्रारंभ की गई है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन स्कॉलरशिप का लाभ लेने के लिए प्रथम चरण में 30 सितम्बर 2025 तक आवेदन ऑनलाइन कर सकेंगे। स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए छात्राओं दवारा दसवीं और बारहवीं की शिक्षा शासकीय विद्यालय से प्राप्त करना आवश्यक है। योजना के लाभ के लिए संस्था द्वारा सभी महाविद्यालय में पंजीयन के लिए सहयोग किया जा रहा है। जिसके तहत समस्त महाविदयालय में एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया जायेगा । इस योजना से जुड़ी जानकारी के लिए संस्था के कर्मी आशीष कुमार सिंह, के मोबाईल नम्बर- 6267432334 से संम्पर्क कर सकते हैं।

### छात्रवृत्ति योजना के ऑफलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 18 सितंबर

**सीहोर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के ऑफलाइन नवीन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 18 सितंबर 2025 है।

### महिला आईटीआई में 20 सितंबर तक प्रवेश

**सीहोर।** शासकीय अम्बेडकर महिला आईटीआई सीहोर में संचालित एनसीव्हीटी,एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी पहले आओ पहले पाओ के अधार 20 सितम्बर तक प्रवेश ले सकते हैं। विद्यार्थी स्वेच्छा से किसी एक आईटीआई के किसी एक ट्रेड च्वाईस फिलिंग कर सकेगें। समस्त रजिस्टर्ड विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है। च्वाईस लॉक करने के पश्चात संशोधन किया जाना संभव नही है,अतः विद्यार्थियों को सावधानी पूर्वक आईटीआई /व्यवसाय का चयन करना चाहिए। च्वाईस फिलिंग करने के पूर्व आईटीआई में व्यव्सायवार रिक्त सीटों की संख्या अवश्य जांच कर लेंवें। विद्यार्थी को प्रवेश के लिए 50 रूपये का भुगतान कर च्वाईस लॉक करना होगा,तत्पश्चात अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर सबंधित आईटीआई में प्रवेश हेतु समस्त दस्तावेज की मूल प्रति एवं दो सेट फोटो कॉपी सहित पहुंचकर वेरिफिकेशन उसी दिन कराना होगा। वेरिफिकेशन के पश्चात प्रवेश फीस का भुगतान कर प्रवेश स्लिप प्रिंट कर आईटीआई में जमा करना होगा।

## तेरहवीं में गैरतगंज गया था परिवार, लौटे तो घर में हो गई थी चोरी

# इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजर के घर को बनाया चोरों ने निशाना, मैनेजर के घर 30 लाख की चोरी

मकान के मेन गेट का ताला सुरक्षित था, लेकिन घर का मेन दरवाजा टूटा हुआ था। पुलिस ने अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी दो अलमारियों के ताले टूटे हुए थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर की पॉश कॉलोनी क्रिसेंट रेजीडेंसी में चोरों ने बैंक मैनेजर के घर को निशाना बनाते हुए 10 लाख नकद और 20 लाख से अधिक के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना सी-42 निवासी संजीव श्रीवास्तव के घर की है, जो एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में मैनेजर पद पर पदस्थ हैं।

संजीव ने बताया कि 12 सितंबर को वह परिवार सहित गैरतगंज में रिश्तेदार की तेरहवीं में गए थे। इस दौरान मकान पर ताला बंद था। रविवार की देर रात जब वह लौटे तो किचन में जल रही लाइट देख चौंक गए, क्योंकि जाते समय वह बिजली बंद कर गए थे। शंका होने पर जैसे ही मेन गेट का ताला खोला तो देखा कि दरवाजा टूटा पड़ा था। अंदर अलमारी खुली हुई थी और लाखों रुपए नगद व जेवरात गायब थे।

घटना की जानकारी उन्होंने पड़ोसियों को दी। कुछ ही देर में वहां भीड़ लग गई और सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। संजीव ने पुलिस को बताया कि वह भोपाल की एक कॉलोनी में मकान खरीदने वाले थे। इसके लिए उनके पिता ने उन्हें 10 लाख रुपए दिए थे। श्राद्ध पक्ष होने से उन्होंने यह राशि अलमारी में रख छोड़ी थी। रविवार को वह कॉलोनाइजर से बुकिंग की चर्चा कर लौटे थे और उसी रात वारदात हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज की मदद ले रही

पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चोरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज की भी मदद ले रही है। हमेशा की तरह पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मौका मुआयना करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### दरवाजा तोड़कर घुसे थे चोर

मकान के मेन गेट का ताला सुरक्षित था, लेकिन घर का मेन दरवाजा टूटा हुआ था। पुलिस ने अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखी दो अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। परिजनों ने जब अलमारी को देखा तो बताया कि इसमें रखे 10 लाख रुपए और लगभग 20 लाख रुपए से अधिक के जेवर गायब हैं। पूजाघर की दराज से भगवान के आभूषण भी गायब मिले।

### सूने मकानों के ताले तोड़कर नकदी सहित हजारों की ज्वैलरी ले उड़े चोर



**इछावर।** मंगलवार को एक बार फिर चोरों ने दिनदहाड़े दो सूने मकानों पर धावा बोलते हुए नकदी सहित हजारों रुपए की ज्वैलरी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय पीड़ित परिवार सोयाबीन काटने खेत पर गए थे। मामला इछावर थाना क्षेत्र के सिराडी गांव का है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है। इछावर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें रुकने का नाम ही नहीं ले रही हैं। नगर सहित ग्रामीण अंचल में आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही है। इसके चलते सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लग रहें है। मंगलवार को सिराडी गांव में दिनदहाड़े चोरों ने दो सूने मकानो के ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात सहित नगदी रुपए लेकर फरार हो गए। पीड़ित राजेश नागर ने बताया कि घटना के समय हम खेत पर सोयाबीन की फसल काटने गए हुए थे , वहीं मेरी लड़की स्कूल गई हुई थी। जब वह स्कूल से लोटी तो घर का ताला टूटा मिला इसकी सूचना उसने मुझे दी। हमने घर आकर देखा तो घर में रखे 30 - 40 हजार नगदी और 6 तोला सोना गायब था। सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया साथ ही अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी पंकज वाडेकर ने बताया कि गांव सिराड़ी में अज्ञात चोरों द्वारा दौलत नागर ,राकेश नागर के सूने घरों के ताले तोड़कर नगदी सहित ज्वैलरी चोरी करने की सूचना प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## रेसई बांध में डूब रहे हैं जमीन और मकान नहीं मिला पीड़ित किसानों को मुआवजा

**सीहोर।** रेसई बांध डूब पीड़ितों को अबतक प्रशासन के द्वारा मुआवजा नहीं दिया गया है जबकी बांध में पानी की मात्र बढ़ती चली जा रही है मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुआवजा राशि से वंचित किसानों ने भाजपा नेता गिरीश कुमार सोलंकी के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन देकर तत्काल किसानों को पयाप्त मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की मांग है।




किसान हितैशी भाजपा नेता गिरीश कुमार सोलंकी ने बताया कि चांदबड़ रोड़ एवं पुल के निर्माण के लिए प्रशासन के द्वारा मकानों को तोड़ दिया गया है। अनेक किसानों की जमीन एवं मकान रेसई बांध निर्माण के कारण डूब में आ गए है। चांदबड़ जागीर के किसानों के द्वारा प्रशासन को इस संबध में चार बार आवेदन दिया जा चुका है लेकिन किसानों को तय मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। ग्राम गवा के पास रेसई बांध निर्माण कार्य वर्ष 2018 में शुरू हुआ था बांध तैयार भी हो गया है। अबतक मकान जमीन आईडी का मुआवजा नही दिया गया है। जबकी अन्य ग्रामों के किसानों को मुआवजा राशि प्रदान की जा चुकी है। किसान कलेक्टर कार्यालय के बार-बार चक्कर लगा कर थक चुके है। किसानों ने शीघ्र मुआवजा राशि देने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में लोकेन्द्र, विरेन्द्र,लक्ष्मणसिंह, लोकेंद्र, वीरेंद्र, कम्मू सुरेश, रवि, तवंरसिंह, मोहनलाल रंजीत, ताराचंद्र, मांगीलाल, इंदरसिंह, कैलाश, भवरसिंह, रवि, सीताराम, रामसिंह, कानाराम, जसलाल आदि किसान शामिल रहे।

### आर्य समाज द्वारा विश्वकर्मा जयंती पर किया जाएगा यज्ञ हवन

**सीहोर।** आर्य समाज मंदिर सुभाष नगर स्टेशन रोड सीहोर के प्रधान अनूप कौशल ने बताया कि आर्य समाज मंदिर सुभाष नगर स्टेशन रोड सीहोर पर 17 सितम्बर को सांय 3 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन एवं विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर यज्ञ हवन कर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु की कामना की जावेगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण संकल्प के साथ एक पौधा माँ के नाम लगाया जायेगा। इसी मौके पर विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्माजी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किये जायेगें। उक्त आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिये अपील करने वालों में प्रमुख रूप से अनूप कौशल, कमलेश आर्य, रामस्वरूप गौर, नरेश आर्य, बाला प्रसाद गौर मण्डी, श्याम विश्वकर्मा, हेमराज प्रजापति आदि शामिल हैं।

### जिले में अब तक 952.5 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज



**सीहोर।** जिले में बीते24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 4.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 7.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 2, बुधनी में 22, रेहटी में 2.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 12 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 952.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 1023.7 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 16 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 872.6, मिलीमीटर, श्यामपुर में 879, आष्टा में 723, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 1018, बुधनी में 1367 तथा रेहटी में 1202.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### हिंदी दिवस पर हुआ काव्य गोष्ठी का आयोजन



**सीहोर।** वरिष्ठ कवि डॉ. बद्री प्रसाद शर्मा के निज निवास श्रीराम कालोनी पर भव्य कवि समागम का आयोजन किया गया। मातृ भाषा हिंदी दिवस के इस आयोजन में सर्व प्रथम वरिष्ठ कवि एवम आयोजन अध्यक्ष देवकरण पंवार, मुख्य अतिथि विनोद पंसारी सहित सभी उपस्थितजनों ने माँ वीणा वादिनी की छवि के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये।काव्य समागम का संचालन ओम प्रकाश तिवारी के द्वारा किया गया। मां की वंदना आयोजक डॉ. बद्री प्रसाद शर्मा ने की। उपस्थित कवि राम नारायण राठौर, द्वारका बंसुरिया, हरीश आर्य, जोरावर सिंह, ओम प्रकाश तिवारी, काव्य समागम अध्यक्ष देव करण पंवार , मुख्य अतिथि विनोद पंसारी , समागम आयोजक डॉ. बद्री प्रसाद शर्मा ने अपनी प्रतिनिधि रचनाओं से हिंदी दिवस कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की।काव्य समागम के सफल आयोजन के समापन पर डॉ.बद्री प्रसाद शर्मा ने सभी उपस्थितजनों के प्रति आभार प्रर्दशित किया।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने 90 आवेदनों पर की सुनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 90 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर जनसुनवाई में भी किसानों की पांच वर्ष से रुके हुए फसल बीमे की मांग

# किसानों ने फसल बीमा की मांग को लेकर प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार को ग्राम कुलांस खुर्द, ढाबला, बमूलिया, धबोटी, चन्देरी, भगवान पुरा के दर्जनों किसानों ने किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम का ज्ञापन मुख्य डाक घर के ज्ञापन रजिस्ट्री कर पोस्ट किया गया एवं कलेक्टर सीहोर को जनसुनवाई अलग-अलग किसानों ने आवेदन दिया। जिसमें बताया गया कि कुछ दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाजापुर जिले के गाँव में किसानो के बीच में खऱाब सोयाबीन को देखा गया था, जिसमे इलेक्ट्रोनिक मीडिया के अनुसार मुख्यामंत्री द्वारा सीहोर जिले में 30 हजार 200 हेक्टेयर कृषि भूमि में सोयाबीन की फसल प्रथम आंकलन में नुकसान बताया गया है एवं 13 सितम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्रों के अनुसार सोयाबीन का बोया गया रकबा 3 लाख 20 हजार के लगभग बताया गया है, जबकि इसके अनुसार माने तो 10 प्रतिशत हेक्टयर रकबा खऱाब सोयाबीन की फसल का नुकसान निकलता है जो कि पीला मोजिक व अन्य बीमारी एवं प्राकृतिक आपदा कारणों से नुकसान हुआ है। किसानों द्वारा मांग की गई है कि शाजापुर में मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन किया जाए।



समाचार पत्रों के अनुसार जिला प्रसाशन द्वारा सीहोर जिले में सोयाबीन की खऱाब फसलों का रकबा 3 प्रतिशत हेक्टेयर बताया गया अब स्थिति में क्या सही माने। विगत 5 वर्षो से प्राकृतिक आपदा, अधिक बाढ़ , वर्षा, जल भराव, फसल में पिला मोजिक या अन्य कारणों से हमारी फसले खऱाब होती चली आ रही है, जिसकी हम किसान हर साल समय समय पर बीमा कंपनी व शासन-प्रशासन से खऱाब फसलों का बीमा राशि देने की मांग करते चले आ रहे है । परन्तु अभी तक हमारी खराब हुई फसल का बीमा नही दिया गया है। केन्द्रीय बैंक एवं सहकारिता बैंक हम किसानों की बिना सूचना के हमारे बैंक खाते से बीमा राशि काट कर हर 6 माह में बीमा कम्पनी को भेज दी जाती है, परन्तु हम कृषकों को विगत 5 वर्षों से बीमा राशि नही दी गई है, जो कि हमारे साथ सरासर अन्याय है एवं इस बार भी हम किसानों को बीमा राशि नहीं मिली है ऐसी स्थिति में या तो 5 साल से जो खऱाब फसल हो रही है, बिना अनुमति के काटी गई बीमा राशि वापस की जाए और जब बीमा नही दिया जा रहा है तो हमारी बीमा राशि बैंक से काटना बंद कराया जाए।



**खबर संक्षेप**

### ई-केवाईसी पूर्ण कराए जाने के लिए नगरीय निकायों को दिए निर्देश

**सीहोर।** पेंशनधारियों को समग्र आईडी ई-केवाईसी की प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त ने नगरीय निकायों को दिये हैं। इस संबंध में अपर आयुक्त कैलाश वानखेड़े ने नगरीय निकायों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास में यह बात सामने आयी कि पेंशन योजनाओं से लाभान्वित हो रहे बड़ी संख्या में पेंशनधारियों की समग्र आईडी की ई-केवाईसी प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो पायी है। ऐसी स्थिति में जिन पेंशनधारियों की ई-केवाईसी पूर्ण नहीं होगी, उनकी आगामी माह से पेंशन रोकी जा सकती है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ प्राप्त करने के लिये समग्र आईडी की ई-केवाईसी अनिवार्य है। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा इस कार्य के लिये 31 अगस्त, 2025 तक की समय-सीमा निर्धारित की गयी थी। जानकारी के अनुसार प्रदेश में 3 लाख 50 हजार से अधिक पेंशनधारियों की ई-केवाईसी शेष है। नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में ई-केवाईसी कार्य को युद्ध स्तर पर संचालित करें, जिससे पेंशनधारियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। नगरीय निकायों को प्रतिदिन ई-केवाईसी कार्य की रिपोर्ट विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने के लिये भी कहा गया है।

### बिजली कंपनी का उपाय ऐप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है।

### राष्ट्रीय युवा पुरस्कार के लिए आवेदन 30 सितम्बर तक आमंत्रित

**सीहोर।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार (एनवाईए) वर्ष 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस पुरस्कार का उद्देश्य 15 से 29 वर्ष की आयु के युवाओं को राष्ट्रीय विकास या सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करना है। इसके साथ ही युवाओं को समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने और अच्छे नागरिक के रूप में अपनी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करना तथा राष्ट्रीय विकास और सामाजिक सेवा के लिए युवाओं के साथ काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देना है। राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 के लिए नामांकन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आमंत्रित किए गए हैं।

## पंचायत प्रदेश स्तरीय पंप ऑपरेटर संगठन पहुंचा कलेक्ट्रेट

# न्यूनतम वेतन राशि से भी वंचित हैं ग्रापं में लगे सैकड़ों पंप ऑपरेटर

पंचायत पंप ऑपरेटर संगठन के पदाधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों पर शासन के द्वारा जारी आदेशों पत्रों की अवहेलना करने का आरोप भी लगाया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पेयजल व्यवस्था में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी और आउटसोर्स कर्मचारी न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित वेतन से भी वंचित है। ग्राम पंचायतों के द्वारा गांवों में दी जा रही घर घर जल वितरण व्यवस्थाओं को दैनिक वेतन भोगी और आउटसोर्स कर्मचारी सेवा दे रहे है। मंगलवार को मध्य प्रदेश पंचायत स्तरीय पंप ऑपरेटर संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित नियमित वेतन देने और पंप ऑपरेटरों का सम्मान करने की जहां मांग की गई है वहीं पंचायत पंप ऑपरेटर संगठन के पदाधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों पर शासन के द्वारा जारी आदेशों पत्रों की अवहेलना करने का आरोप भी लगाया है।

संगठन के प्रदेश सचिव राकेश वर्मा एवं जिलाध्यक्ष रामस्वरूप मीणा ने संयुक्त रूप से बताया कि जिला पंचायत कार्यालय एवं श्रम कार्यालय से जारी संदर्भित पत्रों के परिपालन स्थानीय स्तर पर नहीं किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी म.प्र. शासन ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा संदर्भित पत्र के परिपालन में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। इस कारण जनपद भैरुंदा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था में लगे दैनिक वेतन भोगी और आउटसोर्स कर्मचारी न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित वेतन से भी कई सालों से वंचित है। पंप ऑपरेटरों के हित में जारी म.प्र. शासन के पत्रों की मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा लगातार अवहेलना एवं अमानना की जा रही है। श्रम विभाग के समस्त प्रावधानों अधिनियमों एवं कानूनों का उल्लंघन किया जा रहा है। जबकी गजट गाइडलाइन के अनुसार ही ग्राम पंचायतों के द्वारा ग्राम घर घर जल वितरण व्यवस्थाओं के लिए पंप आपरेटरों को नियुक्ति प्रादान की गई है। ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था में उप आपरेटर बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति होता है। इस के बावजूद आपरेटरों की उपेक्षा की जा रही है। पंप ऑपरेटरों ने शासन के द्वारा जारी संदर्भित पत्रों के संबंध में तत्काल प्रभाव से उचित कार्यवाही किए जाने की मांग कलेक्टर से की है। मांग करने वालों में भगवत सिंह कुशवाह, अनिरुद्ध मीना, अखिलेश वाकरिया,श्रीराम वारेला, नर्वदा प्रसाद दुवने, श्यामसिंह ठाकुर, शोभाराम हरियाले, रामचंद्र सैनी, जयपाल बामने, मोहनलाल जानपुरे, कैलाशचंद दुबे, रामविलास, वारका भील, विक्रम वरेला, दिनेश कर्मा, नर्मदा प्रसाद वरेला आदि पंप ऑपरेटर शामिल रहे।

## श्री सत्यसाई विश्वविद्यालय में अटल एफडीपी का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्यसाई विश्वविद्यालय, सीहोर के स्कूल ऑफ डिजाइन में 15 से 20 सितंबर तक चलने वाले छः दिवसीय एक सप्ताहीय अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। यह आयोजन कुलगुरु डॉ. मुकेश तिवारी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। उद्घाटन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पैरा-जूडो खिलाड़ी कपिल परमार एवं स्वच्छता अभियान की ब्रांड एंबेसेडर जागरूक बालिका यशिका सरकार ने अपनी प्रेरणादायी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा को और ऊँचाइयाँ प्रदान कीं।

कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक डॉ. विकास पाटीदार ने बताया कि इस एफडीपी का विषय इंटीरियर डिजाइन में उभरते रुझान और नवाचार है, जो इंटीरियर डिजाइन क्षेत्र की नवीनतम प्रवृत्तियों और नवाचारों को समझने का उत्कृष्ट मंच प्रदान कर रहा है। इसमें देश के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों से जुड़े प्राध्यापकों एवं शोधकर्ताओं ने पंजीकरण कर सहभागिता सुनिश्चित की है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. सुप्रिया व्यास सह-प्राध्यापक, मैनिट भोपाल ने अपने सारगर्भित एवं विचारोत्तेजक व्याख्यानों के माध्यम से प्रतिभागियों को इंटीरियर डिजाइन के आधुनिक रुझानों और नवाचारों से अवगत कराया। उनके सत्र ज्ञानवर्धक ही नहीं, बल्कि शिक्षकों को रचनात्मकता और शोधपरक दृष्टि से भी समृद्ध करने वाले सिद्ध हुए। एआईसीटीई अटल और श्री सत्यसाई विश्वविद्यालय सीहोर का उद्देश्य स्कूल ऑफ डिजाइन एवं आर्किटेक्चर की शिक्षा को नई दिशा देना है, जिससे शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सृजनात्मक नवाचार के क्षेत्र में योगदान दे सकें। यह आयोजन अकादमिक उत्कृष्टता और सृजनशीलता का अद्वितीय संगम बन रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संजय राठौर, अनुसंधान एवं विकास निदेशक डॉ. मोहित गंगवार, सहसमन्वयक आर्कटेक्चर वलय भावसार, विभिन्न विभागों के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन दक्षता और प्रभावशीलता के साथ श्रीमती रुचि चौहान एवं अंकित जोशी ने किया।


### बाक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में एकलव्य टीम बनी विजेता

**सीहोर।** शहर के इंदौर नाका पर बाक्स क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन गीता 11 के द्वारा किया गया। इस मौके पर विजेता टीम एकलव्य का पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने पुरस्कार वितरण किया। मुख्य अतिथि श्रीराय जी ने दोनों टीमो को शुभकामनाए दी और ट्रॉ$फी प्रदान की। गीता 11 और एकलव्य के बीच फाइनल मैच था जिसमें एकलव्य एकेडमी ने मैच 22 रन से जीत लिया। इस मौके पर सीनियर खिलाड़ी अतुल त्रिवेदी, विकास सास्ता, मानस सोनी, राज कुशवाहा, यर्शाथ, विशांक शिंदे आदि शामिल थे। प्रतियोगिता में 14 टीम शामिल रही।




### विक्रम मस्ताल ने वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात

**बुधनी।**राजधानी दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव सत्यनारायण पटेल (सत्तू भैया) और बिहार कांग्रेस प्रभारी और वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम को सफल बनाने वाले युवा योद्धा कृष्णा अल्लावरु से प्रदेश सचिव और युवक कांग्रेस सह प्रभारी विक्रम मसताल शर्मा (हनुमान जी) ने सौजन्य भेंट की और सफल कार्यक्रम की बधाई दी और साथ ही मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस परिवार को मजबूती और विजय श्री दिलाने के लिये अपने विचारों को साझा किया प्रदेश सचिव विक्रम मस्ताल शर्मा ने प्रेस से बातचीत करते हुए बताया कि राहुल गांधी द्वारा युवाओं में जो जिम्मेदारी और विश्वास दिखाया है उसी विश्वास की ऊर्जा से युवा नेतृत्व में नयी शक्ति का संचार हुआ है कांग्रेस पार्टी को नयी सोच,नयी ऊर्जा और नयी दिशा दिखाने का यह क्रम निश्चित ही कांग्रेस को सफल और विजयी बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।



## गाम ए सीरत का जलसा संपन्न



**सीहोर।** नौजवानों को यह समझना होगा की उनका एक गलत क़दम न केवल उनके घर, परिवार बल्कि पूरे समाज पर गलत प्रभाव डालता है। हमें अपनी ज़िंदिगी को हमारे नबी मोहम्मद साहब के मार्गदर्शन वाली ज़िंदिगी बनाने की ज़रूरत है। इससे चारों और मोहब्बत, भाईचारा और अमन का बोलबाला होगा।

यह बातें विगत सोमवार 8 सितम्बर को सराएं स्थित जमा मस्जिद से पैगाम के रूप में सामने आईं। मौक़ा था पैगाम ए सीरत के जलसे का जो 15 रवि उल अव्वल पर आयोजित किया गया था। जलसे में सरपरस्त के रूप में जामियतुल उलेमा के सदर मुफ़्ती मोहम्मद शमसुद्दीन मौजूद थे। वहीं मेहमान ए खुसूसी के तोर पर अकावता बड़ली के मौलाना अशफ़ाक़ उर्रेहमान प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद थे।

**नौजवानों को सख्त पैगाम :** वक्ताओं ने जलसे के दौरान उन नौजवानो को सख्त पैगाम दिया जो इस दौर में अपने दीन और पैग़म्बर मोहम्मद साहब के बताए रास्ते से भटक रहे हैं। वो नौजवान जो गैर मज़हब के बहन बेटियों के साथ दोस्ती करते हैं। उन भटके नौजवानों को ये बताया गया की कोई भी गलत क़दम उठाने से पहले यह सोचे की हमारे घर में भी बहन बेटियां हैं। साथ ही यह भी ध्यान दें की किसी की इज़्ज़त को उछालना अल्लाह के सामने कितना बड़ा गुनाह है।

### आपकी एक गलती क़ौम को बदनाम करती है

वक्ताओं ने सख्त लहजा अपनाते हुए उन मोलाना और मुफ़्तीयों को ज़म्मिदारी दी है जो मस्जिदों के इमाम हैं। मस्जिद के ज़म्मिदारान को यह ज़म्मिदारी दी गई है की अपने अपने हल्क़े में मेम्बरों से इस पैगाम को आम करें की हमारे नौजवान दूसरे मज़हम की बहन बेटियों के सामने शराफत से पेश आएं। समाज के बीच अपने आपको ऐसे पेश करें जैसा हमारे पैगम्बर मोहम्मद साहब ने हमे सिखाया है। यही सच्चा दीन और सच्चा ईमान है।

## कलेक्टर से बोले ग्रामीण-बताओ कहां करें अंतिम संस्कार श्मशान घाट निर्माण के लिए भूमि नहीं दे रहा वन विभाग

**सीहोर।** आप बताईऐं सर हम मृतक परिजनों का अंतिम संस्कार कहा करें। जंगल को पार कर कच्चे शमशान तक जाना होता है बारिश में कच्चा रास्ता पूरी तरह बंद हो जाता है। बारिश में पन्नी डालकर बमुश्किल चिंता को आग देनी पड़ती है। शमशान घाट निर्माण के लिए वन विभाग जमीन देने को तैयार नही है जिस का खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है।



मंगलवार को जनपद पंचायत आष्टा की ग्राम पंचायत छापर के ग्राम केलापानी के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचे। ग्रामीणों ने गांव के पास सुनिश्चित श्मशान घाट नहीं होने से प्रतिवर्ष आदिवासी अनुसुचित जाति समाजजनों को हो रही अत्याधिक परेशानियों से कलेक्टर को अवगत कराया।

ग्रामीणों के साथ पहुंचे सरपंच प्रतिनिधि ज्ञान सिंह वर्मा ने कहा कि केलापानी में वन विभाग भूमि लगी हुई है जिसमें पेड पौधो भी नहीं है न ही उपजाउ भूमि है जिसका खसरा नम्बर 169 है लेकिन वन विभाग पंचायत को जमीन उपलब्ध कराने का तैयार नही है। गांव के पास एक शमशान है लेकिन वह नाथ समाज का है वह दफन क्रिया होती है यह अन्य समाज के लोगों को अंतिम संस्कार नही करने देते है जिस कारण विवाद की स्थिति भी बनती है। ग्रामीण राजेश कुमार, मनीष राम,कैलाशनाथ , अखिलेश कुमार, किशनलाल, लक्ष्मणसिंह , मानसिंह, जसरथ सिह, गोलू, लखन लाल, रमेश कुमार, अमरसिंह दिनेश कुमार, राहुल कुमार, दिनेश कुमार, महेश कुमार, कुमारसिंह, हरिसिंह, कमल सिंह, शंकरलाल, लखनलाल आदि ने जिला प्रशासन से शमशान घाट निर्माण के लिए वन विभाग से भूमि दिलाने या फिर अन्य स्थान पर सरकारी भूमि आंवटित कराने की मांग की है। समस्या का समाधान नहीं होने पर ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## अम्बेडकर आईटीआई महाविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) एक राष्ट्रवादी छात्र संगठन है जो विद्यार्थियों के अधिकारों और समस्याओं के लिए सदैव तत्पर रहता है। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री खुशहाल मोटवानी के नेतृत्व में महाविद्यालय का मेन गेट बंद कर धरना प्रदर्शन किया, मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार को अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें बताया गया कि अम्बेडकर आई.टी.आई महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं, जिससे विद्यार्थी मानसिक रूप से परेशान हैं। विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर संगठन द्वारा पूर्व में भी दिनांक 15 जुलाई 2025 को ज्ञापन के माध्यम से महाविद्यालय प्रबंधन को अवगत कराया गया है परन्तु आज दिनांक तक महाविद्यालय द्वारा किसी भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया।



**यह है विद्यार्थियों की समस्याऐं :** छात्रावास के बाथरूम की स्थिति ठीक नहीं है, वॉशरूम में गेट भी नहीं है। मेन गेट हमेशा बंद रहता है और मैन गेट पर गार्ड भी नहीं रहते है, जिससे असामाजिक तत्व कैंपस में प्रवेश करते हैं। छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को मेस में भोजन गुणवत्तापूण नहीं मिलता हैं और ना ही भोजन मेनू के हिसाब से बनता हैं।

महाविद्यालय परिसर और छात्रावास में गंदगी फैली रहती है, छात्रावास के छात्रों के शौचालयों में भी साफ सफाई समय पर नहीं होती हैं, मच्छर-मख्खी आदि पैदा होते हैं जिससे छात्रों का स्वास्थ्य भी बिगड़ता हैं। गार्डन की साफ-सफाई नहीं होने के कारण जहरीले जानवरों का खतरा बना रहता है साफ-सफाई नियमित कराई जाए। अंबेडकर आईटीआई जो कि महापुरुष के नाम पर है, महाविद्यालय उनकी प्रतिमा लगाई जाए। अभाविप चैतावनी दी गई है कि उक्त समस्याओं को निराकरण 7 दिन के अन्दर नही हुआ तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रबंधन एवं शासन प्रशासन की रहेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से अभाविप विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री खुशहाल मोटवानी, आदि शर्मा, विष्णु ठाकुर, गौतम देशराज, लक्ष्य, शिवांग, हिमांशु, नागेश, नवीन, प्रथम, हर्षित, शिवम, राहुल, वरूण, प्रतीक, निलू एवं आदि शामिल हैं।

## अवैध सगौन की सिल्लियां बाइक व कारों से की जा रही हैं परिवहन

# रेहटी वन क्षेत्र में जंगल कटाई जोरों पर, हरे भरे पेड़ों पर लगातार चल रही है कुल्हाड़ी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी वन परिक्षेत्र में जंगल कटाई इन दिनों जोर पर चल रही है जहां देखो वहां पर कुलहड़ियों से हरे भरे पेड़ काटे जा रहे हैं बन परिक्षेत्र के अधिकारी आंखें मूंद कर बैठे हुए हैं या यह कहे की सब कुछ मालूम होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जाती है। दिन के उजाले में या रात में यहां पर अवैध सगौन की सिल्लियां बाइक एवं कारों से परिवहन की जा रही है जिसके वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर आए दिन देखे जा सकते हैं वन माफिया द्वारा लगातार हरे भरे पेड़ों पर कुलहड़ियां चलाई जा रही है लेकिन इस और भी वन अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है। जहां कभी जाने में भी डर लगता था अब वहां पर मैदान नजर आते हैं सारे जंगल को काटा जा रहा है लेकिन वन परिक्षेत्र के अधिकारी की आंखें नहीं खुल रही है कहीं ना कहीं मामला मिली भगत का भी दिखाई देता है। बाइक पर सरे आम 5 से 10 सागौन की सिल्लियां लेकर आई जाती है लेकिन गश्ती दल को यह भी नहीं दिखाई देता कार्रवाई के नाम पर 8-10 रोज में एक बाइक को पड़कर उसे पर कैसे बने दिया जाता है और आरोपी भाग जाता है या भगा दिया जाता है। लेकिन कभी वन विभाग ने यह जानने की कोशिश नहीं की की सगौन.की सिल्लियों को कहां ले जाकर बेचा जा रहा है।

### भाजपा जिला महामंत्री बोले- पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय के जाकिर नाइक से हैं संबंध

# दिन भर सूने रहे रास्ते, सफल रहा आतंकवाद के विरोध में सकल हिन्दू समाज का ब्यावरा बंद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आतंकवाद के विरोध में सकल हिन्दू समाज के आव्हान पर सोमवार को ब्यावरा नगर शत प्रतिशत बंद रहा। सकल हिन्दू समाज ने मां वैष्णोदेवी मंदिर से आतंकवाद के विरोध में आक्रोश रैली निकाली,जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग शामिल रहे। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर स्थानीय पीपल चैराहा पर पहुंची, जहां आतंकवाद एवं देशविरोधी गतिविधियों में संल्पित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नाम एसडीएम व एएसपी को एक ज्ञापन सौंपा। बतादें कि 10 सितम्बर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान हेंडलर से जुड़े व आतंकवादी गतिविधियों में शामिल ब्यावरा के कामरान कुरेशी को गिरफ्तार किया था, यह घटना न केवल नगरवासियों के लिए चिंता का विषय बनी, बल्कि जिले की शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा के रुप में सामने आई। इससे पूर्व भी नगर व जिले में देशविरोधी गतिविधियां सामने आई थी।आतंकवाद व देशविरोधी गतिविधियों के विरोध में संत समाज के मार्गदर्शन में सकल हिन्दू समाज ने नगर को पूर्णत बंद रखने का आव्हान किया था, जिसमें नगर के व्यापारियों का पूर्ण समर्थन मिला और बाजार शतिप्रतिशत बंद रहा। इस दौरान केवल मेडीकल स्टोर सहित अन्य आपात सेवाएं देने वाले प्रतिष्ठान खुले देखे गए। निजी स्कूल व कोचिंग संस्थानों के संचालकों का पूर्णतःसमर्थन मिला। सकल हिन्दू समाज ने तय समयानुसार मां वैष्णोंदेवी मंदिर से तख्तियां लेकर रैली निकली, जिसमें शामिल लोगों ने एक ही नारा, एक ही नाम-आतंकवाद का हो काम तमाम, आतंकवाद मुक्त भारत-यही हमारा संकल्प है, आतंकवाद मुर्दावाद और भारत माता की जय के नारे लगाए। आक्रोशित रैली मां वैष्णोंदेवी मंदिर से शुरु हुई, जो पीपल चैराहा, अहिंसाद्वार, जगात चैक, मुख्य बाजार से होकर पुनः पीपल चैराहा पहुंची। मंच पर भागवताचार्य प्रमोद नागर, सतीश नागर, सुदर्शन शर्मा, कामेशकृष्ण, अजय तिवारी मौजूद रहे।



**पूर्व मुख्यमंत्री पर जाकिर नाइक से संबंध के आरोप**
भाजपा के जिला महामंत्री देवीसिंह सोंधिया ने अपने अंदाज में बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पर जाकिर नाइक के साथ संबंध का आरोप लगाया है और कामरान कुरैशी को भी प्रेरिंत करने में जाकिर की भूमिका रही है।

#### समाचार पत्र की प्रतियां जलाकर जताया विरोध, कार्रवाई की मांग

संत समाज ने मंच से आतंकवाद व देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कठोर कार्रवाई करने की मांग की, इसके साथ ही संत समाज ने प्रतिष्ठित अखबार के पत्रकार की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी खबर में आतंकी कामरान को एक गरीब परिवार का युवक बताकर हमदर्दी जताई है, वह गलत है। संत समाज ने पत्रकार के प्रति आक्रोश जताते हुए अखबार की प्रतियां भी जलाई। संत समाज ने आतंकवाद एवं देशविरोधी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर कठोरतम कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के नाम ब्यावरा एसडीएम गोबिंदकुमार दुबे और एएसपी केएल.बंजारे को एक ज्ञापन सौंपा।

#### फिलिस्तीन प्रेमियों पर रासुका के तहत हो सख्त कार्रवाई

ज्ञापन में कहा गया कि प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से देशविरोधी गतिविधियों से जुड़े लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। नरसिंहगढ़, राजगढ़ में फिलिस्तीन झंडा फहराने व 5 सितम्बर को ईद के जुलूस में सेव फिलिस्तीन, सेव गाजा का स्टीकर लगाने व वितरित करने वालों की पहचान कर रासुका की धारा लगाई जाए,इस प्रकार के सभी असामाजिक तत्वों के विरुद्ध यूएपीए प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाए, पूर्व में आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों की संपत्ति व भूमि की जांच की जाए। ऐसे लोगों के पूरे परिवार व रिश्तेदारों की जानकारी लेकर उनके आपराधिक, समाज आईडी, बैंक खातों व संपत्ति की जानकारी निकालकर पुलिस अधिकारियों तक पहुंचाई जाए। जिले में चोरी,डकैती,नशे का व्यापार, जुआ-सट्टा का कारोबार बढ़ रहा है। इन पर रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाए।

### जिला शिक्षाधिकारी ने जारी किया आदेश

## ई-अटेंडेंस न लगाने पर सख्ती, भृत्य सहित 12 शिक्षकों को नोटिस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूलों व दफ्तरों में शिक्षकों सहित अन्य लोकसेवकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने शिक्षा विभाग ने 'हमारे शिक्षक एप' बनाया हुआ है। इस एप्लीकेशन पर सभी लोकसेवकों को समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होती है। जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रतिदिन इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। इस मॉनिटरिंग के दौरान कल सोमवार 15 सितंबर को ज्ञात हुआ कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माचलपुर में पदस्थ 21 कर्मचारियों में से केवल 09 कर्मचारियों ने ही अपनी ई-अटेंडेंस लगाई है। स्कूल में पदस्थ 11 शिक्षकों व एक भृत्य द्वारा ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की गई। इस पर जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने शाला प्राचार्य को पत्र जारी करते हुए ई-अटेंडेंस दर्ज न करने वाले सभी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस में जवाब प्राप्त कर प्रतिवेदन भेजने के निर्देश दिए हैं।

#### इन 12 शिक्षकों व कर्मचारियों ने नहीं लगाई ई-अटेंडेंस

एक ही स्कूल में पदस्थ जिन कर्मचारियों द्वारा ई-अटेंडेंस नहीं लगाई गई है उनमें गिर्राज दांगी, योगेंद्र सिंह मंडलोई, अजय कुमार दुबे, कैलाशचंद्र विश्कर्मा, जया टेलर, रवि सिंह गुर्जर, रामबाबू विश्वकर्मा, राधेश्याम मालवीय, कन्हैयालाल दांगी, दिनेश कुमार गौतम, रामेश्वर शर्मा एवं भृत्य प्रेमसिंह चैहान शामिल हैं। इसके साथ ही स्कूल से डेढ़ किलोमीटर दूर से ई-अटेंडेंस लगाने वाले महेश कुमार कारपेंटर से विशेष रूप से इस संबंध में उनका अभिमत भी चाहा गया है। उक्त संबंध में 18 सितंबर तक संपूर्ण बनाकर जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

## 'जल संरक्षण पर पहल, अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध भी जरूरी'

### जल जीवन मिशन व अहिंसा टीम की संयुक्त टीम ने किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अधिकार तभी सार्थक होते हैं, जब हम अपने कर्तव्यों का भी ईमानदारी से पालन करें। इसी संदेश के साथ सोमवार को ग्राम जूनापानी में पीस वॉलंटियर रामदिली भिलाला ने एक्शन प्रोजेक्ट के तहत जल संरक्षण विषय को केंद्र में रखते हुए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पूरे गांव में पानी बचाओ, जीवन बचाओ इत्यादि जैसे नारे दीवारों पर लिखवाए गए वहीं, स्कूल परिसर में कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें जल संरक्षण के महत्व को समझाया गया।

कार्यशाला में अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के मनीष दांगी ने कहा कि जल संरक्षण केवल पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह संवैधानिक मूल्यों का पालन भी है। उन्होंने समझाया कि समानता हम सभी को जल का अधिकार देती है, कर्तव्य' हमें जल बचाने का दायित्व सौंपते हैं और 'न्याय' हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने को प्रेरित करता है। दांगी ने बच्चों व युवाओं को बताया कि अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति सजग होना ही असली नागरिकता का प्रमाण है। इस अवसर पर जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी भी उपस्थित रहे। डिप्टी मैनेजर सचिन दांगी, टीम लीडर योगेंद्र तोमर और उप-प्रबंधक रवि पाटीदार ने युवाओं और बच्चों को पानी बचाने के व्यावहारिक उपाय बताए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे गांव में अधिक से अधिक टोटियां (नल) का उपयोग करें और जल को व्यर्थ न बहने दें।

**कार्यशाला में बच्चों ने भी रखे अपने-अपने विचार:** कार्यशाला के दौरान बच्चों ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि जल और पर्यावरण का संरक्षण केवल आज की जरूरत नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। स्वच्छ जल उपलब्ध होगा तो स्वास्थ्य बेहतर रहेगा और गांव का जीवन भी समृद्ध होगा। पूरे कार्यक्रम में ग्रामीण युवाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही। उन्होंने न सिर्फ दीवार लेखन और नारे लगाने में सहयोग किया, बल्कि कार्यशाला में जल संरक्षण की बातें भी सीखी।

### विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## धार्मिक सामाजिक संस्था महादेव मित्र मंडल ने मनाया स्थापना दिवस



**सारंगपुर।** नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था महादेव मित्र मंडल ने रविवार शाम को स्थानीय श्रीपति फैक्ट्री सिद्धार्थ ट्यूब के पास पानी की टंकी के सामने तारागंज परिसर में अपनी स्थापना की 35 वीं वर्षगांठ, मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पुष्पद के नेतृत्व में हर्षोल्लास के साथ निर्धारित 3 सत्रों में आयोजित की गई गई । प्रथम सत्र सदस्य आगमन पर दीप प्रज्वलित ,ध्वज पूजन प्रार्थना एवं भजनो की प्रस्तुति राष्ट्र भक्ति गीत मंडल के सदस्यों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। द्वितीय सत्र संगठन कार्यकर्ता निर्माण तृतीय सत्र मंडल के सदस्यों द्वारा चेयर रेस कबड्डी सहित अन्य खेलकूद का आयोजन किया गया बैठक में बैठक सचिव कमल पुष्पद में पूरे वर्ष भर के कार्यक्रमों का ब्योरा प्रस्तुत किया। साथ ही कोषाध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार द्वारा वार्षिक गतिविधियों के साथ आय व्यय प्रस्तुत किया गया ।तीसरे सत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित अतिथियों द्वारा बाबा महाकाल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय प्रीति दीदी, नगर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, डॉक्टर राजेंद्र पाटीदार, वरिष्ठ समाजसेवी हुकुमचंद सोनी, अभिभाषक संघ अध्यक्ष मंडलोई, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश पुष्पद, संगठन मंत्री दिनेश सिसोदिया लायंस क्लब अध्यक्ष रुपेश जोशी सहित कार्यक्रम में उपस्थित नगर की विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रमुख तथा पर्यावरण प्रेमी दल के सदस्यों का स्वागत मंगल तिलक एवं अंग वस्त्र भेटकर मंडल पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## जिला अस्पताल में विशेष रक्तदान शिविर कल, 700 यूनिट का रखा लक्ष्य

### रक्तदान शिविर के साथ ही आरंभ होगा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में कल 17 सितंबर से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत होने जा रही है। इस महत्वपूर्ण अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित।

इस बैठक में प्रत्येक ब्लॉक के लिए अधिकारियों को ओआईसी और ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को नोडल नियुक्त कर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। डॉ. पटेल ने बताया कि 17 सितंबर को यह अभियान पूरे देश के साथ साथ जिले में भी बड़े स्तर पर आरंभ होगा। अभियान के पहले दिवस 17 सितंबर को जिला अस्पताल में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रखा जा रहा है जिसमें 700 यूनिट रक्त एकत्रीकरण का लक्ष्य रखा गया है। उत्साहजनक बात यह है कि शिविर से पहले ही



350 से अधिक लोग रक्तदान के लिए अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। इसके उपरान्त अलग-अलग तारीखों में ब्लॉक मुख्यालयों और सिविल अस्पतालों में भी स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

#### 2 अक्टूबर तक आयोजित होंगी गतिविधियां

इस अभियान के तहत जिला अस्पताल, ब्लॉक मुख्यालयों के अस्पतालों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कल विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद 02 अक्टूबर तक विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां आयोजित कर प्रत्येक महिला का स्वास्थ परीक्षण, उपचार, परामर्श और बच्चों का टीकाकरण का कार्य सम्पन्न किया जाएगा। बैठक के इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल, डीटीओ डॉ राजीव हरिऔध, डॉ महेंद्रपाल सिंह, डीपीएम शिखा सरावगी, आनंद भारद्वाज, डीसीएम सुनील वर्मा, प्रवेश द्विवेदी सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्वास्थ केंद्र की बिगड़ी व्यवस्था सेवाएं, विधायक ने किया स्वास्थ केंद्र का दौरा



**मचलपुर।** नगर के स्वास्थ केंद्र में महिला चिकित्सक से मारपीट की घटना के बाद दो दोनो से नगर की स्वास्थ सेवाएं बाधित हुई थी साथ ही स्वास्थ केंद्र की ओपीडी भी दो दिन से बंद थी जिसके कारण मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जीरापुर ब्लाक के सभी चिकित्सकों ने जीरापुर सिविल अस्पताल के बाहर धरना प्रदर्शन किया जिसे विधायक हजारीलाल दांगी ने पहुंच चिकित्सकों से बात कर खत्म करवाया साथ ही जीरापुर तहसीलदारआरपी सिंह ठाकुर माचलपुर नायब तहसीलदार रामनिवास धाकड़ और माचलपुर थाना प्रभारी पूजा परिहार के साथ माचलपुर स्वास्थ केंद्र पहुंच वहा के पूरी घटना की जानकारी ली साथ ही नियम विरुद्ध चिकित्सा निवास पर रह रहे डाक्टर भारतलाल शाक्य से निवास खाली करवाने की बात की माचलपुर स्वास्थ केंद्र में नियमित ओपीडी चले इस के लिए तीन चिकित्सक की व्यवस्था मंगलवार से स्वास्थ केंद्र में रहेगी और पुलिस की व्यवस्था भी सुरक्षा के दृष्टि से रहेंगी।

## हाईकोर्ट से पाया हक, जीएनएमटीसी राजगढ पहुंचे सोलंकी

### सीबीएमओ नरसिंहगढ़ और प्रभारी कुरावर ने किया तत्काल रिलीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

दिलीप सोलंकी की अनुकम्पा नियुक्ति का सूक्ष्म अवलोकन कर हाईकोर्ट इंदौर ने तत्काल आदेश का पालन करने और समय-सीमा में संबंधित का अम्यावेदन का निराकरण कर न्यायालय को अवगत कराने की बात कहकर विभाग को वर्षो पुरानी अपनी भूल को सुधारने को कहा जिसमें जीएनएमटीसी राजगढ में रिक्त वार्डबाय के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर दी गई थी। हाईकोर्ट इंदौर के आदेश के बाद सीएमएचओ ने आदेश जारी करते हुए कोर्ट के आदेश का पालन करने में देरी नहीं की और कुरावर पीएससी प्रभारी डॉ नरेश गवली व नरसिंहगढ सीबीएमओ डॉ गौरव त्रिपाठी ने तत्काल रिलीव कर दिलीप सोलंकी राजगढ की अपनी संवाएं देगें।

## राजगढ़ में मेवाड़े परिवार ने आयोजित की 7 दिवसीय भागवत कथा



**राजगढ़।** पितृ पक्ष के पावन अवसर पर नगर के पारायण चैक में धार्मिक वातावरण से ओतप्रोत सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस आयोजन की पहल मेवाड़े (ग्वालिया) परिवार द्वारा अपने पित्रों की आत्मशांति और मोक्ष की कामना के उद्देश्य से की गई।

#### धार्मिक माहौल से गुंजायमान हुआ राजगढ़

कथा के प्रथम दिवस से ही नगर में धार्मिक उत्साह का संचार दिखाई दिया। प्रातः काल से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की कथाओं का रसपान करने लगे। पूरा परिसर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। कथा स्थल को आकर्षक झांकियों, पुष्प सज्जा और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था।

### नेवज समग्र विकास समिति द्वारा हिन्दी दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

## स्वतंत्रता संग्राम में हिन्दी भाषा ने पूरे देश को एकजुटता में पिरोया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय हिंदी दिवस की संध्या पर नेवज समग्र विकास समिति द्वारा लगातार 15वें वर्ष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं के विचारों के आदान-प्रदान के बाद सभी इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि मातृभाषा हिंदी का किसी से कोई मुकाबला नहीं है। लेकिन मातृभाषा की किसी से प्रतिस्पर्धा भी नहीं है। अपनी मातृभाषा में संवेदनाएं होती हैं। लेकिन दूसरी भाषाओं को तकनीक के रूप में अपनाया जा सकता है।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पूरे भारत वर्ष को एक करने वाली भाषा हिंदी ही थी और आज सभी को एकजुट करने की क्षमता में हिंदी में ही है। पूर्व विधायक श्री रघुनंदन शर्मा ने कहा कि किसी भी बात को लागू करने के लिए एक जिद, एक जुनून की जरूरत होती है परंतु आजादी के बाद तत्कालीन नेताओं ने हिंदी भाषा




को जान-बूझकर उसका मान-सम्मान जो हिंदी को मिलना था, वह नहीं दिया। इस अवसर पर ही राजगढ़ निवासी गैर हिंदी भाषी मलयालम मातृभाषा से जुड़े संतोष कुमार ने कहा कि हिंदी सभी भारतीयों भाषाओं की मां के समान है। सभी अन्य भारतीय भाषाएं हिन्दी के शब्दों से निकली है।

#### कई साहित्यकारों ने रखे अपने-अपने विचार

गोष्ठी में शिक्षाविद ए.के. शर्मा, दिनेश नागर और उर्दू भाषा के जानकार कल्लू खां कुरैशी, साजिद हाशमी ने हिंदी को लेकर अपनी-अपनी चिंताएं जरूर जाहिर की। लेकिन हिंदी पर संकट को लेकर सब निश्चिंत नजर आए। इन साहित्यकारों की सोच थी कि हिंदी संकट में है लेकिन कौन सी हिंदी संकट में है। संकट में वह क्लिष्ट हिंदी है जो आम आदमी की समझ से हमेशा बाहर रही है। हमें हमारी हिंदी को लगातार बोलते रहना है। इस अवसर पर श्यामबाबू खरे, शाहिद प्रहरी, राहुल कुंभकार, श्याम गुर्जर, पीड़ी सक्सेना, ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। संचालन समिति अध्यक्ष साकेत शर्मा ने किया एवं आभार जगदीश दास ने माना।

**खबर संक्षेप**

### भागवत कथा में मनाया विवाह उत्सव



**जावर।** भागवत कथा में बड़े ही धूमधाम से श्री कृष्ण और रूक्मणी जी का विवाह उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया कथा में पंडित किशन शास्त्री ने कहा कि भागवत की कथा जीते जी भी तारती है और मरने के बाद भी तारती है और भगवान की भक्ति हमेशा बाल्य काल से ही करना चाहिए नाकि बुढ़ापे में भक्ति करके मनुष्य अपना जीवन शुधार लेता है यह अमृत वचन जयसवाल परिवार में चल रही पित्र भागवत कथा में 6 दिवश में कहा पंडित किशन शास्त्री ने कहा।

### जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

**आष्टा।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की जिला स्तरीय बैडमिंटन पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन आज शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय आष्टा में हुआ। जिसमें जिले की पुरुष वर्ग की कुल 5 टीमो ने भाग लिया। जिसमें शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय आष्टा ,शासकीय महाविद्यालय जावर नगर, शासकीय महाविद्यालय भैरुंदा, शासकीय महाविद्यालय बकतरा, रायसिंह भंवर सिंह महाविद्यालय भैरुंदा की टीमों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में रायसिंह भंवर सिंह महाविद्यालय भैरुंदा विजेता तथा शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय आष्टा उपविजेता रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की तथा अपने उद्बोधन में कहा कि एक अच्छा खिलाड़ी कड़ी मेहनत व संघर्ष के बाद बनता है तथा उनके करियर आजीविका में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के कीड़ा अधिकारी जिसमे नीतू परवाल, शासकीय महाविद्यालय जावरनगर, आकांशा उज्जेनिया, शासकीय महाविद्यालय भेरूंदा एवं राजेश पंवार, शासकीय महाविद्यालय, बकतरा उपस्थित रहे।

## नपा के आउटसोर्स कर्मचारियों को 6 माह से नहीं मिला वेतन

# कर्मचारियों का आरोपः 50-50 हजार लेकर दी थी नौकरी, छह माह से नहीं मिला वेतन

राज्य शासन के जारी आदेश का उड़ रहा मखौल, अब श्रम विभाग नगर पालिका सीएमओ को थमायेगा नोटिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





हमेशा नित नए कर्म कांडों से चर्चाओं में रहने वाली नगर पालिका आष्टा फिर सुर्खियों में है। इस बार आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती में गड़बड़ी या कहे भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। ताजा मामले में नगर पालिका के वार्डो में आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों को भर्ती करने की एवज में इनसे पचास- पचास हजार रुपए लिए गए हैं। लेकिन इससे मजेदार बात यह है कि इतनी मोटी राशि देने के बाद भी 6 माह से ऊपर समय बीत गया है लेकिन अब तक इन कर्मचारियों को इनकी मेहनताना का वेतन नहीं मिला है। जिससे कर्मचारी दोहरी मार झेल रहे हैं और दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं वही अधिकारी है कि दफ्तर में नहीं मिलते हैं।

### 6 माह हो गए नहीं मिला वेतन, श्रम विभाग के आदेश की उड़ रही धज्जियां

आष्टा नगर पालिका में बीते तीन वर्षों में 100 से ज्यादा आउट सोर्स कर्मचारियों की भर्ती की गई है लिहाजा मिली जानकारी अनुसार इन कर्मचारियों को कई महीनों का वेतन तक नहीं मिला है जिससे इन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है और अब इन्हें अपने परिवार का पालन पोषण करने में भी परेशानी आ रही है लेकिन नगर पालिका के एसी युक्त दफ्तरों में बैठे जिम्मेदार अफसरों का इनकी परेशानी पर कोई ध्यान नहीं है ऐसे में बीते माह प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा श्रम विभाग को जारी आदेश की भी अवहेलना हो रही है जिसमें राज्य सरकार डीसीआई श्रम विभाग को जारी आदेश के अनुसार, यदि किसी शासकीय संस्था या विभाग में एक हजार से कम आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं, तो संबंधित संस्था को हर महीने की सात तारीख तक उनके वेतन का भुगतान करना अनिवार्य होगा।

### आरोप, 50 हजार रुपए देकर लगवाई नौकरी, अब 6 महीने से नहीं मिला वेतन

इधर आष्टा नगर पालिका पर आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती में भ्रष्टाचार के भी आरोप लगे हैं वार्ड नंबर 5 में सफाई कर्मी राखी तंबोली ने गंभीर आरोप लगाया है की उनसे नौकरी लगवाने के लिए 50 हजार रुपए लिए थे। लेकिन 6 माह से वह वार्ड में सफाई का काम कर रही है लेकिन अब तक उनको 6 माह से वेतन नहीं मिल है और इसकी शिकायत भी थाने से लेकर 181 पर की गई है। लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है वही वार्ड नंबर 10 में सफाई का काम करने वाले अभिषेक सिंघन ने बताया की उनके पिता की नगर पालिका में ही सरकारी नौकरी थी। लेकिन उनके देहांत के बाद मैंने रकम गिरवी रखकर 50 हजार रुपए देकर नौकरी लगवाई थी। वही 2 माह तो ट्रायल में रखा फिर 5 माह वार्ड में सफाई करवाई लेकिन आज तलक हमारा



वेतन नहीं दिया गया। जिससे मुझे बहुत परेशानी आ रही है वही शहर के वार्ड नंबर 6 की सफाई कर्मी रीना विनोद बताती हैं उन्हें तो 7 माह से वेतन नहीं मिला है जिससे उन्हें पालन पोषण करने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सीएमओ नहीं आते समय पर दफ्तर, कैसे सुधरेंगे नगर पालिका के हालत

आष्टा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद प्रजापति के पास दो विभागों का प्रभार होने के कारण आए दिन नगर पालिका के दफ्तर में नहीं मिलते हैं वही समय पर भी नगर पालिका के कार्यालय पर नहीं पहुंचते हैं जिससे आमजनों को अपनी समस्याओं के काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं जिस विभाग का मुख्य अधिकारी 12 बजे तक अपने दफ्तर के कार्यालय नहीं पहुंचता हो तो उस विभाग के अन्य कर्मचारियों पर क्या प्रभाव पड़ता होगा और उस विभाग की क्या हालत होगी। मामले में सीएमओ विनोद प्रजापति ने बताया की उनके यह 85 आउट सोर्स कर्मचारियों की संख्या है इनका ठेका प्रायवेट एजेंसी को है जो इन कर्मचारियों को मासिक भुगतान करती है वही सीएमओ विनोद प्रजापति यह बताने में असमर्थ रहे कि इन 85 आउट सोर्स कर्मचारियों को किस प्रक्रिया के तहत भर्ती किया गया है ।

### आरोप गंभीर, कार्यवाही के लिए ऊपर संगठन में करेंगे शिकायत

इस मामले पर भाजपा की नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया ने कहा कि उन्हें भी मीडिया और बाजार में चल रही चर्चाओं से पता चला है की 50-50 हजार रुपए लेकर आउट सोर्स कर्मचारियों की भर्ती की गई है। जिससे हमारी सरकार की बदनामी हो रही क्योंकि नगर पालिका में हमारी बीजेपी की ही सरकार है यदि सत्य है तो में इस मामले की ऊपर पार्टी संगठन में शिकायत करुंगी और दोषियों पर उचित कार्यवाही की मांग करेंगे वहीं समय पर वेतन देना चाहिए यह कर्मचारियों का अधिकार है।

### कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष ने सरकार पर तंज कसा

नगर पालिका में आउट सोर्स कर्मचारियों की भर्ती मामले में हुए भ्रष्टाचार पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर ने भी तंज कसा है कि भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार है सांसद, विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष भी भाजपा की है। विकास का वादा तो इन्होंने तीन गुना करने का किया था लेकिन लगता है तीन गुना तरीके से यह भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

### CMO को देंगे नोटिस, वेतन अधिनियम के तहत करेंगे कार्यवाही-श्रम विभाग

श्रम विभाग के जिला अधिकारी एसएन सांगले ने बताया की राज्य सरकार के श्रम विभाग को जारी आदेश के अनुसार प्रति माह के अधिकतम 7 दिवस के अंदर वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए। यदि समय पर भुगतान नहीं किया है तो वेतन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोटिस जारी कर तलब किया जाएगा।

# तहसीलदार ने जेसीबी से हटाया बाजार का अतिक्रमण

**हरिभूमि की खबर का हुआ असर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज


ग्राम पंचायत के सामने हॉट बाजार की सरकारी जमीन पर हो रहा अतिक्रमण
अतिक्रमणकारियों की दबंगई: हाट बाजार की जमीन पर पक्का निर्माण कर किया कब्जा

हर शुक्रवार को लगने वाले परंपरागत साप्ताहिक हाट बाजार की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। जिस के बाद प्रशासन ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की है। हॉट बाजार की जमीन पर अतिक्रमणकारियों द्वारा जगह-जगह अतिक्रमण कर किया जा रहा था। इस संबंध में ग्राम पंचायत को आवेदन देकर ग्रामीणों ने भी शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार सिद्धांत सिंघला , पटवारी रवि सूर्यवंशी, सरपंच महेंद्र सिंह काजले और सचिव जगदीश पाटीदार, थाना प्रभारी सिद्धि गंज की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। टीम ने बाजार परिसर में बनाए गए अवैध पक्के निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कराया तथा बाजार में रखी दुकान को सील कर दिया। वही बस स्टैंड पर अवैध रूप से रोड पर अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों को भी नोटिस थमाया। कहा कि जल्द ही जो रोड पर आगे दुकान बड़ा कर रखी गई है उन्हें जल्द हटाया जाए नहीं तो उचित कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को बताया कि आपके द्वारा जो दुर्व्यवहार क्यों किया जा रहा है। आपके द्वारा दो से तीन दुकान ही हाट बाजार से हटाई गई। बाकी दुकान क्यों नहीं हटाई जा रही है। बाकी लोगों द्वारा भी तो अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है। उन लोगों की दुकान क्यों नहीं हटाई गई। उन लोगों की दुकानें भी अतिक्रमण में ही बनी हुई है। नायब तहसीलदार ने बताया कि सभी को तहसील द्वारा नोटिस जारी किए गए। जिन लोगों का पहले से पक्का निर्माण है, उन दुकानों को जल्द जब्त कर नीलामी की जाएगी। ताकि ग्राम पंचायत की आय में वृद्धि हो सके। दुकानों से मिलने वाली आय को विकास के कार्य में लिया जाएगा। हाट बाजार का अतिक्रमण हटाते समय तहसीलदार ने दुकान के अंदर जाकर देखा तो दुकानों पर अवैध रूप से पेट्रोल व डीजल बेचते हुए पकड़ा गया। करीब 30 लीटर पेट्रोल व लगभग 90 लीटर डीजल जब्त किया।

**खबर का असर**

### अस्पताल में आई.सी.यू. शुरू करने की मांग

**जावर।** प्रदेश मंत्री बलजीत सिंह चौहान ने उप मुख्यमंत्री को लिखा पत्र आष्टा तहसील के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं में हो रही गंभीर कमी की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मध्यप्रदेश के प्रदेश मंत्री बलजीत सिंह चौहान ने उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल के नाम पत्र लिखा है। पत्र में प्रदेश मंत्री ने मांग की है कि आष्टा स्थित शासकीय सिविल अस्पताल में पिछले सात वर्षों से बंद पड़े आई.सी.यू. को तत्काल शुरू कराया जाए और अस्पताल में अन्य मूलभूत सुविधाएँ भी शीघ्र उपलब्ध कराई जाए।

# जिला चिकित्सालय में डॉक्टर कर रहे मनमानी के खिलाफ आज राठौर समाज एसपी से करेगा मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला चिकित्सालय की चल रही अव्यवस्थाओं और मनमानी के विरोध में राठौर क्षत्रिय समाज सीहोर द्वारा सर्व समाज के तत्वाधान में दोपहर 12 बजे कोतवाली चौराहे से एसपी कार्यालय पहुंचकर महिला डॉक्टर द्वारा पूर्व सरपंच दीपेश राठौर पर की की गई एफआईआर के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा। राठौर क्षत्रिय समाज के महामंत्री डॉ पूरन सिंह राठौड़ ने बताया कि बिजौरी के पूर्व सरपंच दीपेश राठौर जिला चिकित्सालय में प्रसूता वार्ड में डिलेवरी के लिए भर्ती अनिता गोपाल अहिरवार ग्राम पतलोना बिजौरी की सहायता के लिए वह अस्पताल पहुंचे थे। जहां अस्पताल में उन्होने देखा कि इलाज नहीं होने के कारण महिला तड़प रही है, परिजन हैरान परेशान है। ऐसे हालातों में डॉक्टर प्रियंका राजोरिया से मरीज का इलाज तत्काल करने का आग्रह किया था। परिजनों ने बताया कि डॉक्टर प्रियंका राजोरिया द्वारा अवैधानिक फीस के नाम पर तीन हजार रुपये की मांग की गई थी। नहीं देने पर पेशेंट को भोपाल ले जाने को कहा दिया। जबकि केवल पूर्व सरपंच होने के नाते जन समस्या को लेकर आवाज उठाई गई थी। लेकिन डॉक्टर प्रियंका राजोरिया ने पूर्व सरपंच के खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। महामंत्री डॉ पूरन सिंह राठौड़ ने बताया कि यह सरासर गलत है। डॉक्टर अगर गरीब लोगों का सहयोग करने वाले लोगों पर इसी तरह मामला दर्ज कराते रहे तो कोई भी व्यक्ति किसी गरीब, मजबूर मरीज की मदद के लिए आगे नहीं आएगा। राठौर समाज पूर्व सरपंच पर हुई कार्रवाई की कड़ी निंदा करता है, और डॉक्टर द्वारा की गई एफआईआर को रद्द करने की मांग करता है। जिस को लेकर बुधवार को सर्व समाज के लोग एसपी से मुलाकात करेंगे। और ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को जिला अस्पताल के हालातों से अवगत कराएंगे।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का मासिक आध्यात्मिक सतसंग के साथ हुआ भंडारा, श्रद्धालुओं को श्राद्ध पक्ष का बताया महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम शाखा श्यामपुर की ओर से सोमवार को मासिक आध्यात्मिक सतसंग भजन और भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर भक्त संगीत कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति के साथ स्वामी महादेवानंद ने श्राद्ध पक्ष और श्रीगणेश उत्सव के शाश्वत महत्व पर प्रकाश डाला। संस्कृति के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व को श्रवणकर उपस्थित श्रद्धालु भक्तजन आनन्दित हुए। एवं सबने गौरवान्वित अनुभव किया। साधना और आरती के साथ भक्तजनों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पधारे भक्तजनों मातृशक्तियों और सहयोगी बन्धुओं का स्वामीजी ने हृदय से धन्यवाद किया। संस्थान द्वारा महाराजश्री की कृपा से श्री गणेश महोत्सव पर्व के दौरान ग्राम हिंगोनी के मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्रीगणेश उत्सव, ग्राम बमूलिया में श्रीरामराज मीना परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम, श्यामपुर नगर के द्वारका धाम कॉलोनी में आयोजित श्रीगणेश महोत्सव में बड़ी संख्या में उपस्थित धर्मप्रेमी जनमानस युवा समाज भक्तवृंद एवं आस्थावान मातृशक्ति के समक्ष भगवान गणेश की अद्भुत महिमा एवं भारतवर्ष की चैतन्यमयी गरिमा पर आधारित आध्यात्मिक जाग्रति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रप्रेम का दिव्य संदेश दिया। श्राद्ध पक्ष का महत्व बताते हुए स्वामी जी ने बताया कि भारतीय संस्कृति में श्राद्ध करने की परम्परा है।

## सेवा पखवाड़े को लेकर विधायक ने ली सभी मंडल के अध्यक्ष-महामंत्रियों की बैठक

# कार्यकर्ता ही भाजपा संगठन की सबसे बड़ी ताकतः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मागांधी-लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती 2 अक्टूबर तक भाजपा मंडल स्तर से ले कर बूथ स्तर तक सेवा पखवाडे के रूप में मनाएंगी। आज विधायक कार्यालय में सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित होने कार्यक्रमो को ले कर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी आठो मंडलो के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की बैठक आयोजित की गई । बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा गतिविधियां मंडल स्तर से बूथ स्तर तक जिसमे स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर,वृक्षारोपण,एक पेड़ माँ के नाम,पंडित दीनदयाल जी की जयंती आदि कार्यक्रम सम्पन्न हो, को लेकर चर्चा कर विस्तृत रूप रेखा बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की ही नही विश्व की एक मात्र ऐसी पार्टी है जो आज, जिस ऊंचाइयों पर पहुची है वो केवल आप जैसे देवतुल्य कार्यकर्ता के कारण ही पहुची है । पार्टी को यहा तक लाने में हमारे कई नेताओं ने अपना पूरा जीवन संगठन के काम मे खपा दिया है । गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, कार्यकर्ता आधारित संगठन है। भाजपा संगठन में कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत है। जनता की सेवा और संगठन को मजबूती देना ही हम पार्टी के कार्यकर्ताओं का लक्ष्य है। भाजपा देश का एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जिसमें सभी कार्यकर्ता होते हैं,सिर्फ दायित्व बदलते रहते हैं। इसलिए आप सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास और जनहितैषी कार्यों का लाभ जन-जन तक पहुंचाकर पार्टी संगठन को और बुलंदियों तक ले जाएं। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि आप सभी के मान सम्मान में कभी भी कमी नहीं आने दूंगा। पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिये उनके मान सम्मान की रक्षा के लिये आपका विधायक हर समय आपके साथ खड़ा है । भाजपा हम सबका एक परिवार है, मुझे पार्टी ने, आप सब कार्यकर्ताओ ने जो दायित्व सौंपा है,संगठन ने आप सब को जो दायित्व सौपा है हम सब मिल कर मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से पूर्ण करे ये हम सब का कर्तव्य है । हमे वर्तमान में जीना है,भविष्य की चिंता ना करे,अगर वर्तमान अच्छा होगा तो भविष्य अपने आप अच्छा ही होगा । हम सभी कार्यकर्ता दिये दायित्वों का निर्वाहन कर पार्टी संगठन को और आगे ले जाने का कार्य करेंगे। पार्टी संगठन और मजबूत हो, हर कार्यकर्ता को सम्मान महसूस हो, इस को लेकर हम सब संगठन का काम कर रहै है। मंडल अधयक एवं महामंत्रियों की बैठक में आज संगठन को ओर सक्रिय,मजबूत करने के लिए कुछ नवाचार भी शुरू किये जिसकी जानकारी सभी को दी गई। बैठक में सेवा पखवाडा कार्यक्रम के संयोजक धारासिंह पटेल ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंडल एवं बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रम, एक पेड़ मां के नाम, नमो वाटिका का निर्माण,वोकल फ़ॉर लोकल को बढ़ावा देकर स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदने, रक्तदान शिविर,स्वच्छता अभियान, 25 सितंबर को पंडित दीनदयालजी उपाध्याय की जयंती मनाना, पौधारोपण,सांसद खेल महोत्सव सहित अन्य कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सभी कार्यक्रम सम्पन्न हो के निर्देश दिये । बैठक में सभी आठो मंडलो के अध्यक्षो ने सेवा पखवाड़े को लेकर जो कार्यक्रमो की रूपरेखा बनाई उससे विधायक जी को अवगत कराया। उपस्तिथ सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्रियों ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर द्वारा संगठन को मजबूत,सक्रिय करने हेतु शुरू किये नवाचारों को लेकर बधाई दी । बैठक का संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने किया। सेवा पखवाड़े की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर जावर, राकेश सिसोदिया सिद्दीकगंज, शिव पाटीदार खाचरौद, सुनील आर्य मैना, देवजी पटेल कोठरी, नरेंद्र सिंह ठाकुर डोडी, विशाल चौरसिया आष्टा नगर,पिंटू परमार भंवरा महामंत्री मोहित सोनी,बंटी मेवाड़ा, किरोड सिंह, हरेंद्र सिंह ठाकुर, नारायण सिंह पटेल, धर्मेंद्र मालवीय, कुमेंर सिंह मालवीय, राजा ठाकुर, धर्मेंद्र परमार, जितेंद्र सोलंकी, दिनेश पवार, जीवन पटेल, जितेंद्र कौशल, यशवंत पटेल, ज्ञान सिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# त्यौहारों के चलते नगर परिषद ने चलाया सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर में आगामी त्यौहार नवरात्री, दशहरा को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश सोनी द्वारा सफाई कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि आगामी त्योहारों को देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। कहीं पर कूडों का ढेर इकठ्ठा न होने दें, लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया है। मुख्य मार्ग की सफाई प्रतिदिन की जाऐ। सोमवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश सोनी, नगर परिषद उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान, वीरेन्द्रसिंह ठाकुर सहित नप कर्मचारी व सफाई कर्मचारी के साथ नगर के मुख्य मार्ग की झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेष दिया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनी ने अमले को निर्देशित किया है कि त्योहारों के दौरान कहीं पर भी गंदगी का ढेर न दिखाई दे इसका ध्यान रखना होगा। मंदिरों के आसपास साफ सफाई कराकर चुना डलवाया जाए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से कहा कि इस काम में किसी तरह की लापरवाही बर्दाशत नही की जाएगी। उन्होंने नगर के मुख्य मार्ग पर पथ प्रकाश की व्यवस्था सुदृढ किए जाने का भी निर्देश दिया और कहा कि जहां पर भी स्टेट लाईट खराब हैं उसे ठीक कराया जाए जिससे पर्याप्त रोशनी हो।